# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2021 (ANNUAL)

**SIL- HINDI (NLH)** | ***Sub. Code - 106***

**(द्वितीय भारतीय भाषा– हिन्दी)**

**समय 3 घंटे, 15 मिनट**
Time 3:Hours, 15 min.

कुल प्रश्नों की संख्याः– 100 + 6 = 106
Total No. of Questions: - 100 + 6 = 106

Full Marks- 100
पूर्णांक– 100

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द–सीमा का ध्यान रखें।
4. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने करने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना है। यदि कोई परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों का उत्तर देते हैं तो कम्प्यूटर द्वारा प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराए गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
8. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। [50x1=50]

1. चिमटा देखकर अमीना के मन में कैसा भाव जगा ?

A. दुखी हो गया B. उदास हो गयी

C. स्नेह के अतिरेक से मन गदगद हो गया D. खुश हो गयी

2. 'पर्वतों को काटकर सड़के बना देते हैं वे' – किस कविता की पंक्ति है ?

A. बच्चे की दुआ B. कर्मवीर

C. कबीर के पद D. पीपल

3. बालगोबिन भगत हर वर्ष कहाँ जाते थे ?

A. गंगा स्नान करने B. वैष्णो देवी के मंदिर

C. काशी विश्वनाथ D. शांतिकुंज हरिद्वार

4. गाँव से ईदगाह कितनी कोस दूर था ?

A. चार कोस B. पाँच कोस

C. दो कोस D. तीन कोस

5. कवि सैंकड़ों मरूभूमि में क्या बहा देने की बात कहता है ?

A. समुद्र B. पसीना

C. नदियाँ D. आँसू

6. ‘जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते – किस पाठ की पंक्ति है ?

A. हुंडरू का जलप्रपात
B. दीनबंधु निराला
C. चिकित्सा का चक्कर
D. बालगोबिन भगत

7. चारो ओर जंगल और पहाड़ के बीच में प्रकृति की लीलास्थली –

A. हुंडरू का जलप्रपात है
B. दूधसागर का झरना है
C. गरसोप्पा का झरना
D. ककोलत का झरना है

8. किसकी मड़ैया के पास बड़े–बड़े बाबू लोगों की सवारियाँ बँधी रहती थीं ?

A. ललन पटवारी की मड़ैया के पास
B. मज्जू महाजन की मड़ैया के पास
C. सिरचन की मड़ैया के पास
D. बिरजू की मड़ैया के पास

9. ‘बच्चे की दुआ’ कविता किसकी रचना है ?

A. शंकर शैलेन्द्र
B. फणीश्वरनाथ रेणु
C. मो0 इकबाल
D. गोपाल सिंह नेपाली

10. क्वि ने जिंदगी को किस सूरत में गुजारने की दुआ माँगी है ?

A. राजाओं की सूरत
B. शम्अ की सूरत
C. वीरों की सूरत
D. गरीबों की सूरत

11. अशोक ने किस युद्ध में शस्त्र त्याग दिया था ?

A. पानीपत में
B. कलिंग में
C. हल्दी घाटी में
D. बक्सर में

12. अशोक ने बौद्ध भिक्षु के सामने किस बात की प्रतिज्ञा की थी ?

A. अहिंसा ही मेरा धर्म होगा
B. गाली नहीं दूँगा

C. झगड़ा नहीं करूँगा    D. चोरी नहीं करूँगा

13. जब मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या का उदय होता है, तो क्या होता है ?

A. सामने का सूर्य उसे मद्धिम–सा दीखने लगता है

B. दुःखी हो जाता है

C. व्याकुल हो जाता है

D. खुश हो जाता है

14. 'मोको कहाँ ढूंढ़े बंदे, मैं तो तेरे पास में' – इस पंक्ति में उल्लिखित 'मोको' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है ?

A. अपने लिए    B. भक्त के लिए

C. मनुष्य के लिए    D. ईश्वर के लिए

15. 'भारत की अस्मिता का अभेद्य कवच किसे कहा गया है ?'

A. विक्रमशिला विश्वविद्यालय को    B. मगध विश्वविद्यालय को

C. राँची विश्वविद्यालय को    D. दिल्ली विश्वविद्यालय को

16. विक्रमशिला विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति कौन थे ?

A. अतिश दीपंकर    B. आर्यभट्ट

C. शांतिरक्षित    D. हरिभद्र

17. 'दीदी की डायरी' किसके द्वारा लिखी गयी है ?

A. वंशीधर श्रीवास्तव    B. रामवृक्ष बेनीपुरी

C. संकलित    D. कामता प्रसाद सिंह 'काम'

18. 'स्कूल जाने के लिए घर से निकली, तब कौन छींका' ?

A. दीदी    B. रिक्शावाला

C. दादी D. नीलू

19. 'पीपल' कविता किससे हमारा आत्मीय परिचय करवाती है ?

A. बड़प्पन का B. वृक्ष के स्वरूप से

C. पत्तों की संरचना से D. प्रकृति के विविध रूपों से

20. 'दीनबंधु निराला' बराबर किसे लखते थे ?

A. दीनों को B. राजनीतिज्ञों को

C. साहित्य प्रेमियों को D. अमीरों को

21. 'मेरे पैर जलते हैं, चप्पल ला दो काका' ..... किसने कहा ?

A. कसारा ने B. सेठ ने

C. खेमा ने D. सोनी ने

22. अपने पैरों पर पानी गिराने से खेमा को तसल्ली क्यों मिलती थी ?

A. क्योंकि नंगे पैरों की जलन में आराम मिलता था

B. क्योंकि पैर साफ हो जाते थे

C. क्योंकि उसकी आदत थी

D. क्योंकि पानी से खेलना उसे अच्छा लगता था

23. गुड़िया के पिता पेशे से क्या थे ?

A. ड्राइवर B. चपरासी

C. क्लर्क D. शिक्षक

24. 'जैनब खानम' को कराटे में क्या प्राप्त है ?

A. ब्लैक बेल्ट B. ब्लू बेल्ट

C. ऑरेंज बेल्ट D. ग्रीन बेल्ट

25. 'जननायक कर्पूरी ठाकुर' ने कॉलेज का त्याग कब किया ?

A. मुण्डा विद्रोह के दौरान
B. आदिवासी आंदोलन के दौरान
C. अगस्त क्रांति के दौरान
D. स्वदेशी आंदोलन के दौरान

26. 'उज्जवल' शब्द का संधि–विच्छेद है –

A. उज + ज्वल
B. उत् + ज्वल
C. उज्ज + वल
D. उ + ज्ज्वल

27. 'ठ' का उच्चारण स्थान क्या है ?

A. मूर्द्धा
B. तालु
C. कंठ
D. दंत

28. दो वर्णों के मेल से होनेवाले विकार को क्या कहते हैं ?

A. समास
B. वर्ण
C. संधि
D. क्रिया

29. बुलबुल पंछी कब गाने लगती है ?

A. वर्षा की फुहार पड़ने पर
B. गर्मी में
C. सर्दी में
D. रात में

30. कामिनी–कंचन का त्याग करके कौन गृहस्थाश्रम में ही संन्यासी बने ?

A. शंकर शैलेन्द्र
B. प्रेमचन्द
C. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
D. आचार्य शिवपूजन सहाय

31. ‘दीनबन्धु निराला’ के लेखक कौन हैं ?

A. रामधारी सिंह दिनकर B. आचार्य शिवपूजन सहाय

C. वंशीधर श्रीवास्तव D. रामवृक्ष बेनीपुरी

32. झरना के एक ओर का जंगल राँची में है, एक ओर का जंगल –

A. लातेहार में B. हजारीबाग में

C. लोहरदग्गा में D. धनबाद में

33. हुंडरू के झरना की ऊँचाई कितनी है ?

A. 243 फुट B. 245 फुट

C. 246 फुट D. 247 फुट

34. ‘दीरध साँस न लेहु दुख, सुख साईं हि न भूल’ किस कविता की पंक्ति है ?

A. बिहारी के दोहे B. रहीम के दोहे

C. कबीर के दोहे D. जायसी के कड़बक से

35. किसकी विदाई होने वाली थी ?

A. लेखक की दीदी की B. लेखक की छोटी बहन की

C. लेखक की भाभी की D. लेखक की बुआ की

36. ‘पहले ऐसा जानती कि मोहर छापवाली धोती देने से ही अच्छी चीज बनती है तो भैया को खबर भेज देती’ – किसने कहा ?

A. बड़ी भाभी B. मंझली भाभी

C. छोटी भाभी D. बड़ी चाची

37. ‘सुदामा चरित’ कविता किसकी रचना है ?

A. रामवृक्ष बेनीपुरी B. गोपाल सिंह नेपाली

C. नरोत्तम दास D. फणीश्वर नाथ 'रेणु'

38. नेपोलियन किससे स्पर्धा करता था ?

A. सीजर से B. हरक्युलिस से

C. सिंकदर से D. नीत्से से

39. मात्रा की दृष्टि से स्वर के कितने प्रकार हैं ?

A. तीन B. पाँच

C. दो D. चार

40. इनमें शुद्ध शब्द कौन है ?

A. निवृती B. नछत्र

C. तड़ित D. ज्येष्ठ

41. 'जुलाई' शब्द कौन संज्ञा है ?

A. व्यक्तिवाचक B. जातिवाचक

C. भाववाचक D. समूहवाचक

42. 'पत्र' शब्द का लिंग–निर्णय करें –

A. पुल्लिंग B. स्त्रीलिंग

C. उभयलिंग D. इनमें से कोई नहीं

43. 'मुझसे रोटी नहीं खाई गई।' इस वाक्य में 'से' किस कारक का चिह्न है ?

A. करण कारक B. अपादान कारक

C. सम्प्रदान कारक D. अधिकरण कारक

44. 'परिचारक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

A. परिचारिका B. परिचारिकी

C. परिचारकी D. परिचाराइन

45. 'जो कोई' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

A. निजवाचक B. निश्चयवाचक

C. संयुक्त सर्वनाम D. प्रश्नवाचक

46. 'चमक' शब्द का विशेषण कौन है ?

A. चमकना B. चमकीला

C. चमकता D. चमचमाना

47. 'अनुवाद' शब्द में उपसर्ग है –

A. अनु B. अ

C. अन D. अनुवा

48. 'यथाक्रम' कौन समास है ?

A. तत्पुरूष B. कर्मधारय

C. अव्ययीभाव D. बहुव्रीहि

49. 'भारत के प्रधानमंत्री' – कौन पदबंध का उदाहरण है ?

A. संज्ञा पदबंध B. विशेषण पदबंध

C. क्रिया पदबंध D. क्रिया विशेषण पदबंध

50. 'आनंद' शब्द का पर्यायवाची है –

A. रसाल B. अंबक

C. प्रमोद D. अनक

51. 'आशा' शब्द का विलोम होगा –

A. उत्कर्ष B. निराशा

C. आधेय D. आस्तिक

52. 'जल में जन्म लेने वाला' – के लिए एक शब्द होगा –

A. जलजन्मा B. जलज

C. जलजना D. अंडज

53. 'अंक भरना' मुहावरे का अर्थ है –

A. अकेला B. याचना करना

C. क्रुद्ध होना D. स्नेह से लिपटा लेना

54. 'वर्षा के लिए मेघ चाहिए' – किस कारक का उदाहरण है ?

A. सम्प्रदान कारक B. कर्म कारक

C. संबंध कारक D. अधिकरण कारक

55. 'घर की मुर्गी दाल बराबर' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

A. मुर्गी खाना B. मुर्गी को दाल खिलाना

C. अपने आदमी को कम महत्व देना D. मुर्गी को दाल से तौलना

56. 'एकैक' का संधि–विच्छेद है –

A. एकै + क B. एक + एक

C. ए + कैक D. एक + कैक

57. संधि के कितने भेद होते हैं ?

A. चार B. तीन

C. पाँच D. छह

58. 'पाठशाला पठन–पाठन के लिए है।' इस वाक्य में पाठशाला क्या है ?

A. उपवाक्य B. पदबंध

C. समस्त पद D. पद

59. इनमें शुद्ध वाक्य है –

A. मेरे काला बकरी मीठा दूध देते हैं B. आपके घड़ी में कै बजी है

C. उसके चाचा के लड़की हुई है D. कमरा लोगों से लबालब भरा है

60. 'नेता' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

A. नेत्री B. नेताजी

C. नेतृ D. नेतिन

61. 'ईदगाह' शीर्षक कहानी के रचनाकार कौन हैं ?

A. रामवृक्ष बेनीपुरी B. आचार्य शिवपूजन सहाय

C. प्रेमचन्द D. रामधारी सिंह 'दिनकर'

62. नमाज खत्म होने के बाद लोग क्या कर रहे थे ?

A. गले मिल रहे थे B. खरीददारी कर रहे थे

C. बात कर रहे थे D. खा रहे थे

63. 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ में बालगोबिन भगत की संगीत–साधना का चरम उत्कर्ष किस दिन देखा गया ?

A. जिस दिन वे दुखी थे B. जिस दिन वे खुश थे

C. जिस दिन उनका बेटा मरा D. जिस दिन वे बीमार हुए

64. 'हुंडरू का जलप्रपात' यात्रा वृतांत किसने लिखा है ?

A. वंशीधर श्रीवास्तव B. कामता प्रसाद सिंह 'काम'

C. बेढब बनारसी D. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

65. 'ठेस' शीर्षक कहानी में कौन दौड़ते हुए प्लेटफार्म पर आया?

A. पंचानंद चौधरी B. सिरचन

C. मानू का दूल्हा D. लेखक

66. 'अशोक का शस्त्र–त्याग' शीर्षक पाठ में मगध के सैनिकों के शिविर कहाँ लगे हैं ?

A. पहाड़ के नीचे B. नदी के किनारे

C. मैदान में D. झरना के पास

67. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में डॉक्टर ने दाँत बनवाने के लिए कितने रूपए बताए?

A. 150 रू0 B. 100 रू0

C. 101 रू0 D. 102 रू0

68. 'जननायक कर्पूरी ठाकुर' शीर्षक पाठ में कर्पूरी ठाकुर कब से कब तक लगातार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित होते रहे ?

A. 1980 ई0 से 1981 ई0 तक B. 1981 ई0 से 1983 ई0 तक

C. 1983 ई0 से 1986 ई0 तक D. 1952 ई0 से 1988 ई0 तक

69. 'खेमा' शीर्षक पाठ में, तुझे तेरे सेठ कितने रूपए देते हैं ? किसने पूछा ?

A. पिताजी ने B. ग्राहक ने

C. लेखक ने D. दुकानदार ने

70. 'दीनबंधु निराला' शीर्षक पाठ में सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला अपने मित्रों के लिए क्या थे ?

A. साहित्यानुरागी थे B. बुरे व्यक्ति थे

C. मुक्तहस्त दोस्त–परस्त थे D. कठोर व्यक्ति थे

71. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता के अनुवादक हैं –

A. सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र B. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र

C. वीरेन्द्र प्रसाद मिश्र D. नागेन्द्र प्रसाद मिश्र

72. 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता में 'सिंहनी' किसे कहा गया है ?

A. काना को B. रानी लक्ष्मीबाई को

C. मुंदरा को D. लेखिका को

73. 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के रचनाकार कौन हैं ?

A. अरूण कमल B. शंकर शैलेन्द्र

C. नरोत्तम दास D. बिहारी

74. 'निद्रा में ही होता प्रभात, कट जाती है इस तरह रात फिर वही बात रे वही बात' – किस कविता की पंक्ति है ?

A. तू जिन्दा है तो ...... B. पीपल

C. कर्मवीर D. सुदामा चरित

75. कबीर के किस पद में 'कागद की लेखी' की जगह 'आँखिन देखी' की प्रतिष्ठा है ?

A. पहले पद में B. दूसरे पद में

C. दूसरे पद की पहली पंक्ति में D. दूसरे पद की चौथी पंक्ति में

76. 'दूर दुनिया का मेरे दम से अंधेरा हो जाए' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

A. झाँसी की रानी B. खुशबू रचते हैं हाथ

C. बच्चे की दुआ D. कर्मवीर

77. 'बिहारी के दोहे' शीर्षक कविता में बिहारी किससे अपनी सांसारिक बाधाओं को दूर करने की प्रार्थना करते हैं ?

A. शिव–प्रिया पार्वती से B. कृष्ण–प्रिया राधा से

C. राम–प्रिया सीता से D. गणेश–प्रिया लक्ष्मी से

78. कोस कितने ही चलें, पर वे कभी थकते नहीं – किस शीर्षक कविता की पंक्ति है ?

A. बिहारी के दोहे

B. कर्मवीर

C. बच्चे की दुआ

D. पीपल

79. कवि 'शंकर शैलेन्द्र' की रचना है –

A. कबीर के दोहे

B. खुशबू रचते हैं हाथ

C. तू जिन्दा है तो ......

D. सुदामा चरित

80. अपनी गरीबी दूर करने के लिए सुदामा जी किसके पास गए ?

A. श्रीराम के पास

B. भगवान् विष्णु के पास

C. भगवान् श्रीकृष्ण के पास

D. भगवान् शंकर के पास

81. 'ट' का उच्चारण स्थान क्या है ?

A. कंठ

B. मूर्द्धा

C. तालु

D. दंत

82. 'सरोवर' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

A. स + रोवर

B. सरः + वर

C. सरोव + र

D. सर + ओवर

83. उस मूल ध्वनि को क्या कहते हैं, जिसका खंड न हो ?

A. शब्द

B. क्रिया

C. वर्ण

D. संज्ञा

84. इनमें शुद्ध शब्द है –

A. सरवर

B. लच्छन

C. सिंघ

D. व्यवहार

85. 'भारत' शब्द कौन संज्ञा है ?

A. व्यक्तिवाचक B. जातिवाचक

C. भाववाचक D. समूहवाचक

86. 'जाति' शब्द का लिंग–निर्णय करें –

A. स्त्रीलिंग B. पुल्लिंग

C. उभयलिंग D. इनमें से कोई नहीं

87. 'नीम' शब्द है –

A. तत्सम B. तद्भव

C. देशज D. विदेशज

88. अधिकरणकारक की विभक्ति है –

A. का, के, की B. में, पर

C. रा, रे, री D. से

89. 'हरि मोहन को मारता है' किस कारक का उदाहरण है ?

A. संबंधकारक B. करणकारक

C. कर्मकारक D. अधिकरणकारक

90. 'मैं वह काम आप ही कर लूँगा' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

A. संबंधवाचक B. निजवाचक

C. प्रश्नवाचक D. अनिश्यचवाचक

91. 'मैं पढ़ रहा हूँ' किस काल का उदाहरण है ?

A. भूतकाल B. भविष्यतकाल

C. वर्तमानकाल D. इनमें से कोई नहीं

92. 'खूब' शब्द है –

A. तत्सम

B. तद्भव

C. देशज

D. विदेशज

93. 'विनाश' शब्द में उपसर्ग है –

A. व

B. वि

C. वी

D. व्

94. 'पूजनीय' शब्द में प्रत्यय है –

A. य

B. नीय

C. अनीय

D. इय

95. 'पत्थर' शब्द का विशेषण है –

A. पत्थरट

B. पत्थरन

C. पत्थाराई

D. पथरीला

96. 'समास' का क्या अर्थ है ?

A. संक्षेप

B. विस्तृत

C. वृहद

D. संकीर्ण

97. 'लाभ की इच्छा' के लिए एक शब्द है –

A. जिगीसा

B. बुभुक्षा

C. लिप्सा

D. स्पर्द्धा

98. 'लल्लो–चप्पो करना' मुहावरे का अर्थ है –

A. बातें बनाना

B. डींग मारना

C. खुशामद करना

D. शिकायत करना

99. 'सम्मान' शब्द का विलोम है –

A. अपमान | B. निष्काम

C. निराकार | D. सामान्य

100. 'देशभक्ति' शब्द कौन समास है ?

A. तत्पुरूष | B. द्विगु

C. अव्ययीभाव | D. बहुब्रीहि

## खण्ड–ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। (5x2=10)

(क). हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहाँ एक तरफ भौतिक समृद्धि अपनी ऊँचाई पर है, तो दूसरी तरफ चारित्रिक पतन की गहराई है। आधुनिकीकरण में उलझा मानव सफलता की नित नई परिभाषाएँ खोजता रहता है और अपनी अंतहीन इच्छाओं के रेगिस्तान में भटकता रहता है। ऐसे समय में सच्ची सफलता और सुख–शांति की प्यास से व्याकुल व्यक्ति अनेक मानसिक रोगों का शिकार बनता जा रहा है। हममें से कितने लोगों को इस बात का ज्ञान है कि जीवन में सफलता प्राप्त करना और सफल जीवन जीना, दोनों में दो अलग–अलग बातें हैं। यह जरूरी नहीं कि मनुष्य अपने जीवन में साधारण कामनाओं को हासिल कर लिया हो, वह पूर्णतः संतुष्ट और प्रसन्न भी हो। अतः हमें गंभीरतापूर्वक इस बात को समझना चाहिए कि इच्छित फल को प्राप्त कर लेना ही सफलता नहीं है। जब तक हम अपने जीवन में नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों का सिंचन नहीं करेंगे, तब तक यथार्थ सफलता पाना हमारे

लिए मुश्किल ही नहीं, अपितु असंभव कार्य हो जाएगा, क्योंकि बिना मूल्यों के प्राप्त सफलता केवल झणभंगुर सुख के समान रहती है।

i. हम कैसे युग में जी रहे हैं ?

ii. मानव किस चीज की नई परिभाषाएँ खोजता रहता है ?

iii. मनुष्य मानसिक रोगों का शिकार क्यों बनता जा रहा है ?

iv. दो अलग–अलग बातें क्या हैं ?

v. बिना मूल्यों के प्राप्त सफलता कैसी होती है ?

(ख). जाकिर हुसैन साहब के बारे में कुछ बातें अविस्मरणीय हैं। 13 मई 1967 ई0 को राष्ट्रपति पद संभालते हुए उन्होंने कहा था, ''सारा भारत मेरा घर है, मैं सच्ची लगन से इस घर को सुंदर और मजबूत बनाने की कोशिश करूँगा, ताकि यह मेरे महान देशवासियों का उपयुक्त घर हो, जिसमें इंसाफ और खुशहाली का अपना स्थान हो।'' उनकी विनम्रता ऐसी थी कि उन्होंने कहा था, मैं स्वीकार करता हूँ कि हमारी जनता ने उच्चतम पद के लिए निर्वाचित करके मुझपर जो विश्वास प्रकट किया है, उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ हूँ। यह भावना इस वजह से और भी प्रबल हो जाती है कि भारत के महान् सपूत डॉ0 राधाकृष्णन के बाद मुझसे इस पद को संभालने के लिए कहा गया। मैं उनके कदमों पर चलने की कोशिश करूँगा, लेकिन उनकी बराबरी कैसे कर सकूँगा ?''

वे भारत के असली सपूत थे, इसका सबूत उन्होंने उपराष्ट्रपति पद पर आसीन होने के एक दिन पहले तब किया जब वे श्रृंगेरी में जगद्गुरू शंकराचार्य से भेंट करने गए। जगद्गुरू के सामने पुष्प और फल रखते हुए उन्होंने कहा था – ''आपका आशीर्वाद चाहिए''

और शंकराचार्य ने उपराष्ट्रपति के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया था। ऐसी एक घटना और याद आती है। उप–राष्ट्रपति निवास के अहाते में एक दिन सबेरे घूम रहे थे, तो देखा कि माली के घर में कीर्तन हो रहा है। फिर क्या था, टहलते हुए उधर चले गए और सबके साथ एक कोने में दरी पर बैठ गए। जब कुर्सी लाने को बोला गया तो बोले, 'भगवान के घर में सब बराबर होते हैं।' वे दरी पर ही बैठे रहे।

i. उपराष्ट्रपति पद संभालते हुए डॉ0 जाकिर हुसैन ने क्या कहा था ?

ii. जाकिर साहब ने सबसे पहले किससे आशीर्वाद प्राप्त किया और क्यों ?

iii. माली के घर जाकर उन्होंने क्या किया?

iv. डॉ0 जाकिर हुसैन जगद्गुरू शंकराचार्य से भेंट करने कहाँ गए ?

v. किसके बाद डॉ0 जाकिर हुसैन राष्ट्रपति चुने गए ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है। (5x2=10)

(क). कविता के मर्मज्ञ और रसिक स्वयं कवि से अधिक महान होते है। संगीत के सुननेवाले ही स्वयं संगीतकार से अधिक संगीत का रसास्वादन करते हैं। यहाँ पूज्य नहीं पुजारी ही श्रेष्ठ है। स्वयं पुष्प में कुछ नहीं है; जो कुछ भी है हमारी चाह में, हमारी दृष्टि में है। यह अद्भूत भारतीय व्याख्या अजीब लगती है, पर हमारे पूर्वज सदा इसी पथ के पथिक रहे हैं। उत्तम गुरू में जाति–भावना भी नहीं रहती। वे गुण के आधार पर शिष्यों का चयन करते हैं। कितने ही मुसलमान पहलवानों के हिंदू चेले हैं और हिन्दू संगीतकारों के मुसलमान शिष्य रहे हैं। सच्चे शिष्य की परख गुण, साधना और प्रतिभा के आधार पर

होती है। मुझे पढ़ाया लिखाया था एक विद्वान मुसलमान ने ही और आज मैं जिस स्थान पर पहुँचा हूँ, जो सम्मान और प्रतिष्ठा मुझे मिली है, उस सबका श्रेय मेरे उन्हीं गुरू का है। बचपन में मेरे मुस्लिम गुरू ने मुझे जो रास्ता दिखाया, मुझे ज्ञान देकर उस रास्ते पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी; आज उसी के परिणामस्वरूप मैं अपनी मंजिल तक पहुँचने में कामयाब हो सका हूँ।

i. कवि से अधिक महान कौन होता है ?

ii. संगीत का रसास्वादन कौन अधिक करता है ?

iii. शिष्य का चयन गुरू किस आधार पर करता है ?

iv. लेखक ने अपने बारे में क्या कहा है?

v. सच्चे शिष्य की क्या परख होती है ?

(ख). महाप्राण निराला एक विद्रोही और क्रांतिकारी कवि थे। इनके भाव विचारों के केन्द्र में रूढ़ियों की मार झेलता तथा शोषण और दमन पर पलती व्यवस्था के अन्याय और वंचनापूर्ण व्यूहों में पिसता हुआ मनुष्य था। उसके हितों की रक्षा के लिए निराला अपनी रचनाओं में एक मोर्चाबंदी–सी करते दिखाई पड़ते हैं। विद्रोह और क्रांति की चेतना उनके जीवन और काव्य में एक समान है। जीवन और काव्य, भीतर और बाहर उनके यहाँ एक और अखंड हैं। जो काव्य में है वह उनके जीवन से प्रमाणित है और जो जीवन में दिखाई पड़ता है उसकी उर्जा उनके सर्जनात्मक संकल्प एवं पिपासा से ही जन्म लेती है। इस तरह जीवन और काव्य दोनों बिंब–प्रतिबिंब दिखाई पड़ते हैं और एक दूसरे को प्रमाणित करते हैं। उन्होंने जो लिखा, कविता हो या गद्य, उसकी कीमत अपनी जिन्दगी से चुकाई।

i. महाप्राण निराला कैसे कवि थे ?

ii. निराला जी किसके लिए मोर्चेबंदी करते दिखाई पड़ते हैं ?

iii. इनके काव्य में क्या समानता है ?

iv. निराला जी के जीवन और काव्य का क्या संबंध है ?

v. निराला जी ने जो लिखा उसकी कीमत कैसे चुकाई ?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत– बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखे। (1x10=10)

(क). स्वास्थ्य और व्यायाम

(1). पृष्ठभूमि

(2). लाभ

(3). सावधानी

(4). निष्कर्ष

(ख). बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

(1). भूमिका

(2). योजना का आरंभ

(3). महत्त्व

(4). उपसंहार

(ग). ग्रामीण जीवन

(1). भूमिका

(2). जीवन–यापन का ढंग

(3). लाभ

(4). हानि

(5). उपसंहार

(घ). महंगाई

(1). पृष्ठभूमि

(2). महंगाई के कारण

(3). परिणाम एवं निराकरण

(4). निष्कर्ष

(ङ) मेरे प्रिय नेता

(1). भूमिका

(2). परिचय

(3). योगदान

(4). महत्त्व

(5). उपसंहार

4. शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखें। 1x5=05

अथवा

जल–प्रदूषण के विषय पर दो छात्रों के बीच होनेवाले संवाद को लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग 20–30 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है – 5x2=10

(क). हामिद कितने वर्ष का है और कैसा है ?

(ख). कर्मवीर की पहचान क्या है ?

(ग). पतोहू बालगोबिन भगत को छोड़कर जाना क्यों नहीं चाहती थी ?

(घ). हुंडरू का झरना कहाँ है तथा इसकी क्या विशेषता है ?

(ड़). बिहारी के दोहे के अनुसार गुण नाम से बड़ा होता है। कैसे ?

(च). 'ठेस' कहानी में आये हुए विभिन्न पात्रों के नाम लिखिए ?

(छ). पद्मा को अशोक से बदला लेने का अच्छा अवसर था, तब भी उसने अशोक को जीवित क्यों छोड़ दिया ?

(ज). कानपुर के नाना की मुँहबोली बहन 'छबीली' थी, यहाँ छबीली किसे कहा गया है ?

(झ). 'खेमा' शीर्षक कहानी में जब लेखक ने खेमा के पिता से कहा कि वे खेमा को अपने साथ ले जाकर पढ़ाना चाहते हैं तब उसकी आँखें क्यों भर आईं ?

(ञ). 'झांसी की रानी' शीर्षक कविता में ''हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में'' इस पंक्ति में 'वीरता' और वैभव का संकेत किस–किस की ओर है ?

6. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें। 1x5=5

(क). ''स्वयं झरने से भी ज्यादा खूबसूरत मालूम होता है, झरने से आगे का दृश्य'' उस दृश्य की सुंदरता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ख). निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए :–

''हैं खड़े जहाँ पर शाल, बाँस,
चौपाये चरते नरम घास
निर्झर, सरिता के आस–पास
रजनी भर रो–रोकर चकोर कर देता है रे रोज भोर
नाचा करते हैं जहाँ मोर।''